संख्या-17/5सी.एम./47-का-3-2014-24/8/2013टी.सी.-।।

प्रेषक,

एस0पी0 सिंह
विशेष कार्याधिकारी
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- उपाध्यक्ष
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ।

2- प्रबन्ध निदेशक
उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0
लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक : 11 फरवरी, 2014

विषय- डा0 राम मनोहर लोहिया राज्य प्रशिक्षण एवं प्रबन्धन संस्थान के शिलान्यास के लिए आवश्यक औपचारिकताएं।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक टिप्पणी की प्रति संलग्न करते हुए आपसे यह कहने का मुझे निदेश हुआ है कि कृपया अपने विभाग/ कार्यालय से संबंधित बिन्दुओं से संबंधित शीर्ष प्राथमिकताओं के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

(एस0पी0 सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या-17/5सी.एम./47-का-3-2014-24/8/2013टी.सी.-।।, तददिनांक-

प्रतिलिपि, महानिदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी को इस अनुरोध सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है कि उपरोक्त के संबंध में अपने स्तर से समन्वय करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

आज्ञा से

(एस0पी0 सिंह)
विशेष कार्याधिकरी।

http://shasanadesh.up.nic.in

डा. राम मनोहर लोहिया राज्य प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान के शिलान्यास के लिए आवश्यक औपचारिकताएं।

(1) स्थल चयन जहां शिलान्यास किया जाएगा।

(2) शिलापट्ट जिस पर यह अंकन किया जाना होगा कि शिलापट्ट पर किस–किस अधिकारी/जनप्रतिनिधि का नाम उल्लिखित होगा।

(3) निमंत्रण–पत्र का मुद्रण– निवेदन–पत्र किन–किन अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। (500 प्रतियां)

(4) स्टेज पर बैठने वाले अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के नाम एवं उनके बैठने का स्थान सुनिश्चित करना (50' X 12'' का स्टेज तैयार करना) कैंसर इंस्टीट्यूट (नेम प्लेट तैयार करना)

(5) लखनऊ–सुल्तानपुर रोड से शिलान्यास स्थल तक जाने के लिए 45 मीटर चौड़ी अस्थायी सड़क का निर्माण।

(6) 100' X 80'' का टेन्ट जिसमें 500 कुर्सियां लगी होगी। (ग्रीन मैटिंग)

(7) स्वाल्पाहार, मिनरल वाटर की व्यवस्था।

(8) शिलान्यास स्थल तक उत्साहजनक भीड़ की व्यवस्था करना।

(8A) शिलान्यास स्थल प्रस्थान एवं वहां से आगमन तक की अवधि के लिए दृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना।

(9) मा. मुख्यमंत्री जी शिलान्यास स्थल पर आगमन पर उद्घोषक का चयन।

(10) स्वागत भाषण।

(11) मा. मुख्यमंत्री जी का भाषण तैयार किया जाना।

(12) Arcop Architet को दिनांक 07.02.2014 को बुलाया जाए।

(13) Minute to Minute Programe तैयार किया जाना।

सुश्री शिखा उद्घोषक (सूचना विभाग)